संख्या डिस–1/प0व नि0 अनु0/2007
(भा.वा.अ.शि.प. –वन अनुसंधान संस्थान)
डाकघर–न्यू फॉरेस्ट, देहरादून।

दिनांक : 30 सितम्बर, 2024

परिपत्र

वन अनुसंधान संस्थान, न्यू फॉरेस्ट परिसर में रह रहे निवासियों एवं भ्रमणकर्ताओं को समय–समय पर विभिन्न माध्यमों से तेंदुए से सतर्क रहने एवं सावधानियां बरतने हेतु निर्देश दिये जाते रहे हैं। दिनांक 15.9.2024 से संस्थान परिसर के बंग्ला नं0 9 के पिछे बाजावाला निवासियों द्वारा तेंदुआ देखा गया, ICFRE में गार्ड द्वारा दिखाई दिया, व 26.9.2024 एंव 27.9.2024 की रात्रि में Scientist hostel & Visiting Hostel तथा ब्रान्डिस चौक अवजरवैट्री इलाके में तेंदुआ भागते हुए दिखाई दिया, 28.9.2024 को मोटर गैराज रोड़ ,बॉटनीकल गार्डन गेट, शीशम हॉस्टल व टीचर्स कालोनी में देखा गया और 30.9.2024 की सुबह को ब्रान्डिस चौक पर पैट्रोलिंग पार्टी द्वारा तेंदुआ देखे जाने की सूचना प्राप्त हुई है। और परिसर में कुत्तों व हिरन पर हमला कर शिकार बनाया गया है।

अतः यह आवश्यक हो जाता है कि कोई अनहोनी घटना न हो उसके लिए समुचित सावधानी बरती जाए।

आपको आगाह किया जाता है कि :–

1. सुनसान सड़क पर अकेले विचरण न करें।
2. सूर्योदय के पूर्व एवं सूर्य अस्त के उपरान्त परिसर में न घूमें।
3. रात्रि के समय घर से बाहर निकलने से पूर्व समुचित प्रकाश का प्रबन्ध करके ही बाहर निकलें। और अपने घरों के आस–पास समुचित प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
4. छोटे बच्चो को अकेला, बिना निगरानी, अपने से दूर न जाने दें।
5. परिसर में घूमने वाले तथा भ्रमणकत्ताओं को आगाह किया जाता है कि तेंदुए इलाके क्षेत्र में विचरण करने से बचें। आरक्षित वन क्षेत्र में Barrier Cross में न जाएं। केवल Main Building के आस–पास ही भ्रमण करें।
6. तेन्दुआ नजर आने पर कन्ट्रोल रूम/रेंज कार्यालय को सूचित करें।
7. हॉस्टल में रह रहे विद्यार्थियों/शोधकत्ताओं को आगाह किया जाता है कि वे रात्रि के समय संस्थान में विचरण न करें और समय पर अपने छात्रावास में उपस्थित हो जाएं।
8. आगन्तुक एवं भ्रमणकत्ताओं को वन क्षेत्र के Barrier Cross करना सख्त मना है।

(कन्ट्रोल रूमः टेलीफोन न0 0135–222–4300 /0135–4418)

30/9/24

कुलसचिव,
वन अनुसंधान संस्थान,
देहरादून।